16/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता पर पुनर्विचार करने को कहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि इस राशि का एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान में आतंकवाद से जुड़े बुनियादी ढांचे को समर्थन देने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। आज दोपहर भुज एयरफोर्स स्टेशन पर वायु सेना के जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में पाकिस्तान को दी जाने वाली किसी भी तरह की आर्थिक सहायता आतंकवाद के वित्तपोषण से कम नहीं है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इसने देश और विदेश में सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया है।

000000000000000000

देशभर के 125 से ज़्यादा शीर्ष व्यापार नेताओं ने तुर्की और अज़र बैजान के साथ यात्रा और पर्यटन सहित सभी तरह के व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों का बहिष्कार करने का फ़ैसला किया है। यह फ़ैसला आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ द्वारा आयोजित व्यापार नेताओं के राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया गया। एक बयान में CAIT ने कहा कि यह प्रस्ताव तुर्की और अज़र बैजान द्वारा पाकिस्तान को पूर्ण समर्थन देने के हालिया रुख़ के जवाब में आया है, जबकि भारत एक संवेदनशील और गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति का सामना कर रहा है।

000000000000000000

आज राजभवन ईटानगर में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ सिक्किम के राज्य स्थापना स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने इस ऐतिहासिक अवसर पर सिक्किम के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पिछले 50 वर्षों में राज्य की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सिक्किम देश के सबसे शांतिपूर्ण, अनुशासित और स्वच्छ राज्यों में से एक है। राज्यपाल ने कहा कि, सिक्किम ने सतत विकास में एक मानक स्थापित किया है जिससे अरुणाचल प्रदेश सहित अन्य राज्य सीख सकते हैं।

0000000000000000000

गत गुरुवार को लोकसभा सांसद तापिर गाओ ने, अरुणाचल प्रदेश में कुछ स्थानों के नाम बदलने के लिए चीन की आलोचना करते हुए, केंद्र से मैकमोहन रेखा के पार **लोबा तानी** और **मिशमी समुदायों** के रहने वाले क्षेत्रों को पुनः स्थापित कर पुरानी गलतियों को सुधारने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। अरुणाचल ईस्ट कंस्टिटुएंसी के भाजपा सांसद ने एक बयान में कहा कि, **मैकमोहन रेखा के पार रहने वाले समुदाय भारत के साथ गहरी सभ्यतागत जड़ें साझा करते हैं, और अब समय आ गया है कि भारत उन क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करे जो हमारे देश का सदियों से हिस्सा हैं।** इससे पहले बीजिंग ने अरुणाचल प्रदेश में 27 स्थानों के लिए चीनी नामों की घोषणा की जिनमें 15 पहाड़, चार पासेस, दो नदियाँ, एक झील और पाँच बसे हुए क्षेत्र शामिल है।

0000000000000000000

शि-योमी जिले में फंसे हूए पर्यटकों और लोगों को राहत प्रदान करते हूए, आलो से मेचुखा जाने वाली सड़क को हल्के मोटर वाहनों के लिए फिर से खोल दिया गया है। तातो से पेने, पेने से रो और रो से कायिंग में कई जगह ब्लॉक होने की सूचना मिलने के बाद मंगलवार शाम से सड़क बंद थी। फिलहाल सड़क को केवल हल्के वाहनों के लिए खोला गया है और भारी वाहनों को पार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हालांकि, क्षेत्र में भारी बारिश के मद्देनज़र यह आशंका जताई जा रही है कि, सड़क फिर से अवरुद्ध हो सकती है।

0000000000000000000

तवांग प्रशासन ने उपायुक्त कांकी दारांग के नेतृत्व में आज जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक, **झोंगसेर लेक** पर सामूहिक सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अभियान में भारतीय सेना ने भी अपना समर्थन दिया और इस पहल में भाग लिया।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, कुरुंग कुमे, क्रा-दादी, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, तिराप और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज से बहुत तेज बारीश होने की संभवना है।

0000000000000000000

अपर सियांग जिले के स्वास्थ्य और पीएचईडी आयुक्त सह मेंटर सचिव, आईएएस पी.के. सैन, ने कल यिंगकियोंग का दौरा किया और जिले में विभिन्न सरकारी योजनाओं और चल रही बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति का आकलन करने के लिए डीसी कंफ्रेंस हॉल में एक समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में, विभागाध्यक्षों ने श्री सैन को अपने-अपने विभागों के सामने आने वाली वित्तीय और भौतिक चुनौतियों से अवगत कराया।

0000000000000000000

देशभक्ति और भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता के तहत, लगभग दस हज़ार नागरिकों ने कल शाम जम्मू में एक विशाल "तिरंगा यात्रा" में भाग लिया। 'नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए' के बैनर तले, यह यात्रा इंदिरा चौक पर जेडीए पार्किंग से शुरू हुई और शहर की चहल-पहल भरी सड़कों से होते हुए प्रेस क्लब, जम्मू में समाप्त हुई।

0000000000000000000

सरकार ने तुर्की की ग्राउंड हैंडलिंग फर्म सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो ने एक आदेश में कहा कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में लिया गया है।

0000000000000000000